पूर्व मालिक ने ही रची थी कार चोरी की साजिश

▶ जूनी इंदौर पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

इंदौर. जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में हुई दो चार पहिया वाहन चोरी की वारदातों का पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. कार्रवाई में टाटा एस और आई-20 कार समेत करीब 10 लाख रुपये कीमत के वाहन बरामद किए हैं. चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि आई-20 कार का पूर्व मालिक ही चोरी की साजिश में शामिल निकला.

थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि 31 जनवरी की रात पंजाब नेशनल बैंक के सामने गुलजार चौराहे से हनिफ खान की टाटा एस वाहन नम्बर एमपी 68 जे 5522 और मोरी वाले बाबा दरगाह के पास से

मोहम्मद सोहेल खान की हुंडई आई-20 कार नम्बर एमपी 09 सीएस 0806 चोरी हो गई थी. दोनों मामलों में जूनी इंदौर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गठित टीम ने करीब 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले. फुटेज के आधार पर टाटा एस वाहन सिमरोल बायग्राम मंदिर के पास से बरामद कर ली, जबकि आई-20 कार ग्राम बंजारी में रमीज राजा खान के गोदाम से मिली.

दो साल पहले बेचे वाहन का नहीं कराया था नामांतरण

पूछताछ में खुलासा हुआ कि रमीज राजा खान ही आई-20 कार का पूर्व मालिक था, जिसने करीब दो साल पहले वाहन बेच दिया था, लेकिन नामांतरण नहीं कराया था. इसी का फायदा उठाते हुए उसने मैकेनिक जाहिद हुसैन के गैराज से कार चोरी करवाई. जूनी इंदौर पुलिस ने दोनों चोरी गए वाहन बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. उनसे अन्य वारदातों को लेकर भी पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

वकील को ब्लैकमेल करने की कोशिश करने वाली महिला पकड़ाई

अपने दो साथियों के साथ हनीट्रैप में फंसाकर रुपए ऐंठने के लिए धमकाया जा रहा था

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र की कालिन्दी गोल्ड सिटी में एक अधिवक्ता को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये वसूलने की साजिश का पुलिस ने खुलासा किया है. मामले में मुख्य भूमिका निभाने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो साथी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है.

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताय कि पीड़ित अधिवक्ता के पास एक व्यक्ति अपनी पत्नी से चल रहे पारिवारिक विवाद के समाधान के लिए पहुंचा था. उसने पत्नी के कुछ आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर कानूनी सलाह मांगी थी. इसके बाद अधिवक्ता ने महिला को कार्यालय बुलाकर समझाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर वकील को ब्लैकमेल करने की योजना बना ली.

महिला ने अधिवक्ता को झूठे केस में फंसाने और समाज में बदनाम करने की धमकी देते हुए 10 लाख रुपये की मांग की. शिकायत मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई कर महिला को दबोच लिया. पूछताछ में उसके दो साथी सागर और ओम विश्वकर्मा के नाम सामने आए हैं, जो फिलहाल फरार हैं. थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है और फरार साथियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

एक नजर में

युवाओं को मिला कॅरियर मार्गदर्शन एवं कौशल प्रशिक्षण

महू. अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत हरदा जिले के युवाओं का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में कॅरियर काउंसलिंग, कौशल उन्नयन एवं संप्रेषण क्षमता विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र रखे गए. इस अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग महिला एवं बाल विकास आयोग की प्रदेश सचिव डॉ. कनक पटेरिया ने युवाओं को उनके कॅरियर विकल्पों, भविष्य की संभावनाओं एवं निरंतर उत्थान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देकर युवाओं को आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण तथा कौशल आधारित शिक्षा को अपनाने के लिए प्रेरित किया. मीनाक्षी मिश्रा ने संप्रेषण कौशल के महत्व, प्रभावी संवाद एवं व्यक्तित्व विकास पर तथा संस्था के मास्टर ट्रेनर चंद्रेश लाड़ ने युवाओं को अपने भविष्य में ग्रोथ, आत्मनिर्भरता एवं कौशल विकास से जुड़ी जानकारियां साझा कीं. कार्यक्रम में ब्लॉक नोडल अधिकारी मयंक मिश्रा एवं जिला नोडल अधिकारी श्री गोस्वामी भी उपस्थित रहे. प्रतिभागी युवाओं ने कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक बताया.

नीमच और महू राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में

महू. मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं इंदौर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्व. भगवानदास शर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर स्व. शंकरराव नवग्रहे (शंकर दादा) की स्मृति में यहां चल रही राज्य स्तरीय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में नीमच और महू ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया. आज अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नपाध्यक्ष रामकिशोर शुक्ला, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दिनेश शर्मा तथा समाजसेवी एवं रोटरी सदस्य शैलेन्द्र शुक्ला मौजूद रहे. वहीं, इंदौर जिला फुटबॉल संघ से जगदीशचंद खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, एसएम सलीम, ओपी बाथम, गोपाल धवन, प्रवीण कांबले, शिवम शर्मा, अशोक डागर, सुरेश पाल आदि सदस्य उपस्थित रहे. यह जानकारी प्रतियोगिता संयोजक नीरज शर्मा एवं अमित शुक्ला ने दी.

किन्नर गुरु सपना ने मांगी इच्छा मृत्यु, राष्ट्रपति और सीएम को लिखा पत्र

▶ पुलिस अधिकारियों पर लगाए साजिश में शामिल होने के आरोप

नव भारत न्यूज

इंदौर. नंदलालपुरा क्षेत्र की चर्चित किन्नर गुरु सपना और पुलिस प्रशासन के बीच विवाद गहराता जा रहा है. दो साल पुरानी एक शिकायत के आधार पर पंढरीनाथ थाने में दर्ज हुई एफआईआर के बाद अब सपना ने मोर्चा खोल दिया है. जेल से छूटने के बाद उन्होंने राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग की है.

किन्नर गुरु सपना ने अपने शिकायती पत्रों में सीधे तौर पर कुछ पुलिस अधिकारियों के नाम उजागर किए हैं. उनका आरोप है कि ये अधिकारी उनके खिलाफ रची जा रही साजिश में शामिल हैं. सपना का दावा है कि कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद, उनकी ओर से पूर्व में की गई शिकायतों पर पुलिस ने कोई निष्पक्ष जांच नहीं की, बल्कि उन पर ही पुराने मामलों में दबाव बनाया जा रहा है.

मेरी हत्या की रची जा रही है साजिश : सपना

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को सौंपे गए पत्र में सपना ने अपनी जान को खतरा बताया है. उनका आरोप है कि कुछ संदिग्ध लोग लगातार उनकी रेकी कर रहे हैं. सपना के मुताबिक, एमआर-10 क्षेत्र स्थित उनके निवास के आसपास अज्ञात और संदिग्ध लोगों की आवाजाही बढ़ गई है, जो उनकी हत्या की साजिश का हिस्सा हो सकते हैं. गौरतलब है कि पंढरीनाथ थाना पुलिस ने हाल ही में एक दो साल पुराने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए सपना किन्नर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. हालांकि, इस मामले में अभी तक सपना की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

जांच में जुटा पुलिस कमिश्नर कार्यालय

सपना का कहना है कि यह एफआईआर उन्हें प्रताड़ित करने और उनकी आवाज दबाने के उद्देश्य से की गई है. एक प्रभावशाली किन्नर गुरु द्वारा सीधे राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री से इच्छा मृत्यु की मांग किए जाने और पुलिस महकमे के ही अधिकारियों पर उंगली उठाने से प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई है. पुलिस कमिश्नर कार्यालय अब इस पूरे मामले की कड़ियों को जोड़ने और सपना द्वारा लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच करने में जुट गया है.

सिंहासा गांव के राम मंदिर की दानपेटी और आभूषण ले उड़े अज्ञात बदमाश

▶ रात के अंधेरे में वारदात, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, चोरी के बाद पूरे गांव में है तीव्र आक्रोश



नव भारत न्यूज

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र के सिंहासा गांव स्थित प्राचीन राम मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दानपेटी सहित भगवान के कीमती आभूषण चोरी कर लिए. सुबह मंदिर खुलने पर घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी.

मंदिर के पुजारी नरेंद्र पाठक ने पुलिस को बताया कि रोज़ की तरह सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर का मुख्य ताला टूटा मिला. भीतर रखी दानपेटी गायब थी और भगवान राम के श्रृंगार में उपयोग होने वाले सोने-चांदी के आभूषण भी नहीं थे. उन्होंने कहा कि भक्तों की आस्था पर यह सीधा हमला है और मंदिर में वर्षों से जमा चढ़ावे को चोर ले गए. घटना की गंभीरता को देखते हुए चंदन नगर पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए. प्रारंभिक जांच में मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्धों की गतिविधियां कैद होने की जानकारी सामने आई है. चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है, और फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है. साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया है. एफएसएल टीम के साथ ही डॉग स्क्वॉड दल ने भी जांच की है, बदमाशों को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की है.

पति से अलग रह रही महिला ने फांसी लगाकर दी जान

▶ दो बेटों के साथ रह रही थी किराए के मकान में

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र के विकास नगर में एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका अपने पति से अलग अपने दो बेटों के साथ किराए के मकान में रह रही थी. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि 42 वर्षीय सीमा पति राजू लंबे समय से पारिवारिक तनाव में थी. उसका पति शराब पीने का आदी बताया जा रहा है. घरेलू विवाद के चलते करीब डेढ़ साल से वह खरगोन जिले के ग्राम पेतला में रह रहा था. सीमा इंदौर में रहकर अपने दोनों बेटों विशाल और भोला के साथ रह रही थी. देर शाम बड़ा बेटा विशाल अगरबत्ती कारखाने से ड्यूटी खत्म कर घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला. काफी देर तक आवाज देने पर जब कोई जवाब नहीं आया तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा. अंदर सीमा फंदे पर लटकी हुई मिली. उसे तुरंत नीचे उतारकर एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. विशाल ने पुलिस को बताया कि घटना से कुछ देर पहले मां से फोन पर बात हुई थी, जिसमें उन्होंने सिर्फ घर आने का समय पूछा था.

1.20 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी धराए

इंदौर. क्राइम ब्रांच की टीम ने शिवाजी नगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 12 ग्राम एमडी बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है.

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट में दर्ज की गई है. घटना शिवाजी नगर सार्वजनिक शौचालय के सामने मेन रोड की है, जहां संदिग्ध हालत में खड़े एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा. तलाशी में उसके पास से एमडी ड्रग्स मिली, साथ ही एक दोपहिया वाहन और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत करीब ढाई लाख रुपये आंकी गई है.

गिरफ्तार आरोपी संयोगिता गंज थाना क्षेत्र में रहने वाला मित सिसोदिया है. पूछताछ के आधार पर पुलिस ने उज्जैन में रहने वाले दूसरे फरार आरोपी शोभित उर्फ पुष्पेंद्र ठाकुर को भी दबोच लिया है. दोनों ने दसवीं तक पढ़ाई करना बताया और दुकान पर दिहाड़ी मजदूरी करने की बात कही. आरोपियों ने सस्ते दामों पर नशा खरीदकर शहर में ऊंचे दामों पर बेचने की बात कबूल की है. क्राइम ब्रांच आगे की जांच में इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है.

दिनदहाड़े सूने मकान से जेवरात किए चोरी

इंदौर. तिलकनगर थाना क्षेत्र के गोयल नगर में अज्ञात चोरों ने दिन के समय सूने मकान को निशाना बनाते हुए अलमारी से सोना-चांदी और हीरे के जेवरात चोरी कर लिए. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि 277 गोयल नगर में रहने वाले 56 वर्षीय कुलभूषण जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कोई अज्ञात आरोपी उसके घर में घुसा, और अलमारी से सोने का एक हार सेट, एक डायमंड का हार सेट, चांदी के टॉप्स और चांदी की पायल लेकर चला गया. पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

समस्या शहरी विकास और चकाचक सड़कों के दावों के बीच शहर के कई क्षेत्रों में स्थिति भयावह

वर्षों से धूल और गड्ढों वाली राहों पर चलने को मजबूर हैं रहवासी

इंदौर. शहरी विकास और चकाचक मुख्य सडक़ों के दावों के बीच, शहर की सीमा से लगे हुए कई क्षेत्रों में स्थिति भयावह है, जहां वर्षों से पक्की सडक़ें नहीं बनी हैं. रहवासी लंबे समय से धूल और गड्ढों वाली राहों पर चलने को मजबूर हैं, जिन्हें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से केवल झूठे आश्वासन मिले हैं. यह स्थिति शहर की दिखावटी चमक और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बीच एक बड़ा विरोधाभास प्रस्तुत करती है. वर्षों से दिए जा रहे झूठे आश्वासनों के कारण स्थानीय निवासियों में काफी रोष है. यह विरोधाभास दर्शाता है कि इंदौर के विकास का लाभ अभी भी पूरी तरह से शहर की सीमा से लगे क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पाया है.

धार रोड क्षेत्र में शहर का सबसे पहले नगर निगम का वार्ड क्रमांक 1 लगता है. वार्ड की केशव नगर कॉलोनी की हालत बद से बदतर बनी हुई है. करीब 15 वर्ष पूर्व विकसित हुई इस कॉलोनी की एक भी गली आज तक पक्की नहीं बन पाई है. वर्षों से कच्ची और जर्जर सडक़ों के कारण क्षेत्रवासी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं. बारिश के मौसम में कीचड़ और गड्ढों के चलते बड़े वाहन पलट जाते हैं, दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो रहे हैं. वहीं, बच्चे और बुजुर्ग आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं. स्थानीय रहवासियों के अनुसार लगभग दो वर्ष पूर्व नगर निगम चुनाव के दौरान प्रत्याशी ने वोट के बदले पक्की सडक़ निर्माण का वादा किया था. वादे को विश्वसनीय बनाने के लिए कच्ची सडक़ को पक्का करने के नाम पर खुदाई भी करवाई गई चुनाव में वही प्रत्याशी वार्ड से विजयी भी हुआ, लेकिन चुनाव बीतने के बाद सडक़ निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई. आज स्थिति यह है कि खुदाई के बाद सडक़ और अधिक खतरनाक हो गई है. क्षेत्रवासियों में भारी रोष है और वे इसे जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और झूठे वादों का परिणाम बता रहे हैं. अब सवाल यह उठता है कि आखिर केशव नगर के रहवासियों को बुनियादी सुविधा कब मिलेगी?

यह बोले रहवासी...

चुनाव के समय सडक़ खोदी और कहा था कि बाद में बना देंगे, लेकिन आज तक पार्षद झांकने तक नहीं आए. बड़े-बड़े गड्ढों में हमने खुद के पैसों से उसमें मटेरियल डलवाया है.

- मुमताज बी

जब से कॉलोनी बसी है, आज तक पक्की सडक़ का निर्माण नहीं हुआ है. एक बार गिट्टी डाली थी, उसके बाद कोई नहीं आया. पूरी कॉलोनी के यही हाल हैं.

- इमरान खान

दो-तीन सौ लोग इकट्ठा होकर कई बार पार्षद के घर गए. दो साल से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन पार्षद है कि सुनते ही नहीं, अब हम किसके पास जाएं.

- गुलेशा बी

टेंडर होते ही शुरू होगा पक्की सड़क का निर्माण कार्य

केशव नगर की एक ही गली बन पाई है, बाकी बची हुई गलियों के लिए प्रस्ताव मुख्यालय पहुंचाया गया है, जब भी टेंडर हो जाएंगे, पक्की सडक़ का निर्माण कार्य चालू हो जाएगा.

- महेश चौधरी, पार्षद

घर का ताला तोड़कर नकदी, जेवरात और लैपटॉप चोरी

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र की पदमालय कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी, कीमती सामान और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि 27-बी पदमालय कॉलोनी उमंग पार्क में रहने वाले 35 वर्षीय हर्षवर्धन राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कोई अज्ञात आरोपी उसके घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा. चोर घर से लेनोवो कंपनी का एक लैपटॉप, ऊपर की मंजिल से एक चांदी का नारियल, एक चांदी का सिक्का, करीब 15 हजार रुपये नकद और छह जोड़ी साड़ियां चोरी कर ले गया. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है.

50 हजार की 25 भेड़ें चुरा ले गए चोर

इंदौर. देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आगरा में पेट्रोल पंप के पास अज्ञात चोरों ने एक चरवाहे की भेड़ों पर हाथ साफ कर दिया. रात के समय हुई इस वारदात में 25 भेड़ें चोरी चली गईं, जिनकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है. पुलिस के अनुसार राजस्थान में रहने वाले वीरबना राम ने शिकायत दर्ज कराई कि रात कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी 25 भेड़ों को चुराकर ले गया. चोरी की जानकारी सुबह जानवर नहीं मिलने पर लगी. देपालपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के रास्तों और ग्रामीण इलाकों में तलाश शुरू कर दी है.

maral

Maral Overseas Limited

PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2025

(₹ In Lakhs except per share data)

Particulars	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
	31.12.2025	30.09.2025	31.12.2024	31.12.2025	31.12.2024	31.03.2025
	Un-Audited	Un-Audited	Un-Audited	Un-Audited	Un-Audited	Audited
Total Income from operations (Net)	25,171.46	25,435.53	25,495.80	73,620.37	78,812.01	1,06,960.29
Net Profit (+)/Loss (-) for the period (before tax, exceptional and / or extra ordinary items)	627.36	(313.77)	(1,139.28)	(961.81)	(2,520.11)	(2,563.15)
Net Profit (+)/Loss (-) for the period before tax (after exceptional and/or extra ordinary Items)	567.53	(313.77)	(1,139.28)	(1,021.64)	(2,520.11)	(2,563.15)
Net Profit (+)/Loss (-) for the period after tax (after exceptional and/or extra ordinary Items)	530.49	(278.46)	(1,056.44)	(1,004.95)	(2,397.11)	(2,419.71)
Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit (+)/Loss (-) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)	619.20	(361.60)	(1,065.47)	(1,042.88)	(2,335.11)	(2,264.79)
Equity Share Capital	4,150.80	4,150.80	4,150.80	4,150.80	4,150.80	4,150.80
Other Equity (reserves) as shown in the Balance Sheet	-	-	-	-	-	6,738.26
Earning Per Share (Equity shares of face value of Rs. 10/- each) (before and after Extra ordinary items) (EPS for the quarter/period not annualised)						
- Basic	1.28	(0.67)	(2.55)	(2.42)	(5.77)	(5.83)
- Diluted	1.28	(0.67)	(2.55)	(2.42)	(5.77)	(5.83)

Notes:

1. The above is an extract of detailed format of unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The detailed unaudited financial results and this extract were reviewed and recommended by Audit Committee and approved by Board of Directors in their respective meeting held on 5th February, 2026. The full format of the unaudited financial results are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com, www.nseindia.com) and on the Company's website (www.maraloverseas.com).
2. The Statutory Auditor has reviewed the results for the quarter and nine months ended 31st December, 2025 and issued an unqualified limited review report.
3. Effective 21st November 2025, the Government of India consolidated 29 existing labour regulations into 4 Labour Codes. referred to as the "New Labour Codes". The New Labour Codes have resulted in an increase in the provision for employee benefits on account of recognition of past service costs. Based on the requirements of the New Labour Codes and the relevant Accounting Standard, the Company has assessed and accounted for the estimated incremental impact of Rupees 59.83 Lakh as an Exceptional Item in the statement of profit and loss for the quarter and nine months ended 31st December 2025.Upon notification of the related Rules to the New Labour Codes by the Central/State Government and any further clarification on other aspects of the New Labour Codes, the Company will evaluate and account for additional impact, if any, in subsequent periods.
4. The Company has no Subsidiary, Associate or Joint Venture company(ies), as on 31st December, 2025.

Place : Noida (U.P.)
Dated : 05th February, 2026

By order of the Board
For Maral Overseas Limited
Sd/-
Shekhar Agarwal
Chairman & Managing Director and CEO
DIN: 00066113

Registered Office: Maral Sarovar, V. & P.O. Khalbujurg, Tehsil Kasrawad, Distt. Khargone - 451 660, (M.P.)
Phone: +91-7285-265401-265405; **CIN :** L17124MP1989PLC008255
Corporate Office: Bhilwara Towers, A-12, Sector-1, Noida - 201 301, (U.P.), **Phone:** +91-120-4390300 (EPABX)
E-mail: maral.investor@lnjbhilwara.com **Website:** www.maraloverseas.com